कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)
लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail-budgethodpwd@gmail.com

पत्रांकः 388 /55 बजट (मार्ग/सेतु– अनुरक्षण)/2018–19 दिनांकः 08/08/2018

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता स्तर,- II
राष्ट्रीय राजमार्ग,लो0नि0वि0,
हल्द्वानी।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2018–19 में अनुदान सं0–22, लेखाशीर्षक–3054 (राजस्व) प्रदेश के मार्गो/पुलियों का अनुरक्षण मद के अन्तर्गत पैच मरम्मत कार्यो में आवंटन।

संदर्भः–
(1) शासनादेश संख्या–1503/ ।।। (2)/18–03 (बजट)/2018 दिनांक–09.04.2018
(2) शासनादेश संख्या–7516/ ।।। (2)/15–31 (प्रा0आ0)/2014 दिनांक–31.01.2015
(3) इस कार्यालय का पत्र संख्या 138/56 बजट (मार्ग अनुरक्षण)/2015–16 दिनांक 06.05.2015
(4) इस कार्यालय का पत्र संख्या 5149/56 बजट (मार्ग अनुरक्षण)/2015–16 दिनांक 21.03.2016
(5) अधिशासी अभियन्ता,रा0मा0ख0,लो0नि0वि0,लोहाघाट का पत्र संख्या 709/1ए0सी0 दिनांक 25.04.2018

उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 09.04.2018 (क0सं0 1) द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में अनुदान संख्या 22, लेखाशीर्षक 3054–04–337–03–01–24 (राजस्व) प्रदेश के मार्गो/पुलियों के अनुरक्षण मद में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वर्तमान में योजनान्तर्गत उपलब्ध धनराशि एंव उपर्युक्त सदर्भित शासनादेश दिनांक 31.01.2015 (क0सं0 2) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–125 के किमी0 53.00 से 204.00 (टनकपुर–पिथौरागढ़ प्रभाग) में बी0एम0/एस0डी0बी0सी0 द्वारा पैच मरम्मत कार्यो हेतु प्राप्त प्रशासकीय एंव वित्तीय स्वीकृति रू0 183.71 लाख के सापेक्ष वर्तमान में अवशेष भुगतान तथा अधिशासी अभियन्ता,रा0मा0 खण्ड, लोहाघाट के सन्दर्भित पत्र दिनांक 25.04.2018 (क0सं0 5) द्वारा वर्णित कार्य हेतु सूचित मांग के क्रम में वित्तीय वर्ष 2018–19 में निम्नविवरणानुसार कार्यवार/खण्डवार कुल रू0 40.00 लाख (रू0 चालीस लाख मात्र) की धनराशि इंगित शर्तो के अन्तर्गत आवंटित की जाती है।

(धनराशि लाख ₹ में)

क0 सं0	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	स्वीकृत लागत	वित्तीय वर्ष 2017–18 तक व्यय	दिनांक 01.04. 2018 को अवशेष	वित्तीय वर्ष 2018–19 में आवंटन
1	राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–125 के किमी0 53.00 से 204.00 (टनकपुर–पिथौरागढ़ प्रभाग) में बी0एम0/एस0डी0बी0सी0 द्वारा पैच मरम्मत का कार्य।	रा0मा0खण्ड, लोहाघाट	183.71	125.00	58.71	40.00

आवंटन की शर्तेः– (1) सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता द्वारा उपरोक्तानुसार खण्डवार आवंटित धनराशि का व्यय, उपर्युक्त वर्णित कार्यो से सम्बन्धित लम्बित दायित्वों के भुगतान हेतु उच्च प्राथमिकता एवं तात्कालिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जायेगा,जिस हेतु धनराशि आवंटित की गई है।

(2) आवंटन से अधिक का व्यय, किसी भी दशा में नही किया जायेगा और न ही अतिरिक्त दायित्व सृजित किये जायेंगे अन्यथा व्ययाधिक्य एवं वित्तीय दायित्वो के अधिक सृजन हेतु सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें।

(3) व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमें तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो, उनमें सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति भी अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय, उत्तराखण्ड प्रोक्योरमेंन्ट नियमावली 2017 (संशोधित) में निर्धारित प्रकियाओं/निर्दिष्ट मानकों, बजट मैनुवल, वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों तथा टेण्डर विषयक नियमों का अनुपालन करते हुये नियमानुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) कार्यो के सम्पादन में गुणवत्ता तथा तकनीकि मानको का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के साथ–साथ वित्तीय मितव्ययता सम्बन्धी प्रचलित नियमो का समुचित अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) उक्त संदर्भित शासनादेशों में निहित समस्त शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018–19 के आय–व्ययक में अनुदान सं0 22, लेखाशीर्षक 3054 सड़क तथा सेतु–04 जिला तथा अन्य सड़कें–राजस्व–337 सड़क निर्माण कार्य–03 अनुरक्षण एवं मरम्मत 01 प्रदेश के मार्गो/पुलियों का अनुरक्षण कार्य–24 वृहत्त निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

I-T uploaded 13/8/18

प्रभारी प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)

प्रतिलिपिः–निम्नालिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) महालेखाकार भवन, पो0ओ0–सब पोस्ट मास्टर, पेट्रोलियम संस्थान कौलागढ़ देहरादून।
(2) अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
(3) वित्त नियंत्रक, कार्या0 प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष) लो0नि0वि0 देहरादून। आवश्यक साख–सीमा निर्गत करने हेतु।
(4) अधीक्षण अभियन्ता,राष्ट्रीय राजमार्ग वृत्त लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी।
(5) अधिशासी अभियन्ता, राट्रीय राजमार्ग खण्ड,लोक निर्माण विभाग,लोहाघाट
(6) आई0टी0सेल,कार्या0प्रमुख अभियन्ता(विभागाध्यक्ष)लो.नि.वि.,देहरादून को विभागीय वेबसाईट में अपलोड कराये जाने हेतु।

(देवेन्द्र शाह) अधिशासी अभियन्ता

प्रभारी प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष)